पंजाब केसरी 13/12/2024

जी.एम.एन. कॉलेज में हुआ अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरुकता कार्यक्रम

जी.एम.एन. कॉलेज में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरुकता कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। (देवदत्त)

अम्बाला, 12 दिसम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज ने प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन एवं डा. चंद्रपाल पूनिया की अध्यक्षता में विद्यार्थियों और स्टाफ के बीच अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष गतिविधि का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जे.एस. फायर सेफ्टी इंजीनियर्स के सुशील बख्शी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए।

इस दौरान सुशील बक्शी ने विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को अग्नि सुरक्षा उपकरणों के संचालन एवं अग्नि से बचाव के विशेष नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग लगने की स्थिति में कैसे प्राथमिक सुरक्षा, उपाय अपनाए जाएं और उपलब्ध उपकरणों का सही उपयोग किया जाए।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि अग्नि सुरक्षा के यह बुनियादी नियम हर व्यक्ति को पता होने चाहिए। हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम अपने विद्यार्थियों और सहयोगियों को इस महत्वपूर्ण विषय पर शिक्षित करें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रश्नोत्तरी सत्र में अपने प्रश्न भी पूछे। इस पहल के माध्यम से कॉलेज ने न केवल अग्नि सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि कॉलेज परिसर में सभी लोग आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहें। यह गतिविधि कॉलेज प्रशासन की सुरक्षा और जागरुकता बढ़ाने की प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण कदम है।